लगती है।		
राज्य		राजस्थान के लगने वाले जिले
1. पंजाब	–	श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़
2. उत्तर प्रदेश	–	भरतपुर व धौलपुर
3. गुजरात	–	बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, जालौर, बाड़मेर
4. हरियाणा	–	हनुमानगढ़, झुंझुनू, चुरू, सीकर, जयपुर, अलवर, भरतपुर
5. मध्यप्रदेश	–	धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बांरा, झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा
अतः विकल्प (c) सही है।		

184. राजस्थान का जिला जो उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के साथ सीमा रखता है, वह है-

(a) बांसवाड़ा (b) भरतपुर
(c) धौलपुर (d) सवाई माधोपुर

Investigator Exam Date- 21.08.2016
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

185. निम्न में से राजस्थान के किस जिले की सीमा मध्य प्रदेश से संयुक्त है?

(a) भरतपुर (b) डूँगरपुर
(c) सिरोही (d) झालावाड

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

186. 23½° उत्तरी अक्षांश तथा 70° पूर्वी देशान्तर रेखाएँ राजस्थान के निम्नलिखित में से क्रमशः किन जिलों से होकर गुजरती है-

(a) बाँसवाड़ा व जैसलमेर (b) डूँगरपुर व नागौर
(c) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (d) डूँगरपुर व धौलपुर

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) बांसवाड़ा दक्षिणी राजस्थान में स्थित है, बांसवाड़ा $23\frac{1}{2}^0$ अक्षांश पर स्थित है, वहीं इस शहर की देशांतर स्थिति 74.4^0 है। जैसलमेर की अंक्षाशीय व देशांतरीय स्थिति 26.9^0 व 70^0 (पूर्वी) है।

187. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का कितना थार मरुस्थल के अन्तर्गत आता है-

(a) 41 प्रतिशत (b) 61 प्रतिशत
(c) 52 प्रतिशत (d) 56 प्रतिशत

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016
Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (b) राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का 61.11% भाग उ.पं. रेगिस्तानी भाग है। इसमें से 58% भाग पर पूर्णतः मरूस्थल है। इसकी लम्बाई 640 किमी. तथा चौड़ाई 300 किमी. तक है। यह भू-भाग टेथिस सागर का अवशेष है। राजस्थान के थार मरूस्थल में 12 जिले है-बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जालौर, पाली, नागौर, चुरू, झन्झुनू और सीकर।

188. राजस्थान राज्य की स्थिति एवं विस्तार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है-

(a) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम विस्तार क्रमशः 869 तथा 826 किमी. है।
(b) राज्य का भौगोलिक क्षेत्र भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत के बराबर है।
(c) राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं की लम्बाई क्रमशः 1,070 किमी. तथा 4,850 किमी है।
(d) राज्य की आकृति विषमकोण चतुर्भुज के समान है।

नोट-(i) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिमी विस्तार क्रमशः 826 किमी. तथा 869 किमी. है।

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिमी विस्तार क्रमशः 826 किमी. तथा 869 किमी. है। राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा की लम्बाई 5,920 किलोमीटर है। इसमें से 1070 किमी. अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है जो पाकिस्तान से लगती है और 4850 किमी. अन्तर्राज्यीय सीमा है जो भारत के पाँच राज्यों, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व गुजरात के साथ लगती है।

189. राजस्थान का उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम विस्तार क्रमशः है

(a) 852 और 878 किलोमीटर
(b) 915 और 842 किलोमीटर
(c) 826 और 869 किलोमीटर
(d) 834 और 887 किलोमीटर

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

190. राजस्थान की पाकिस्तान के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की कुल लम्बाई है :

(a) 1050 किमी (b) 1020 किमी
(c) 1010 किमी (d) 1070 किमी

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

191. राजस्थान की पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा की कुल लम्बाई है-

(a) 1020किमी (b) 1070किमी
(c) 1120किमी (d) 1170किमी

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

192. वह राज्य जो राजस्थान के साथ सीमा नहीं बनाता है, वह है-

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) हिमाचल प्रदेश (d) पंजाब

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

193. राजस्थान के धरातलीय स्वरूपी के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है-

(a) पश्चिमी बालुका मैदान टैथिस सागर का अवशेष है।
(b) दक्षिण-पूर्वी पठार गौंडवाना लैण्ड का विस्तारित भाग है।
(c) अरावली एक वलित पर्वत श्रेणी है।
(d) उत्तर-पूर्वी मैदान सिन्धु नदी द्वारा निर्मित मैदानों का भाग है।

Librarian Exam Date-13.11.2016